Regarding grant of a special package for promotion of tourism in Chitrakootdham-laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): उ०प्र० के चित्रकूट धाम के अंतर्गत जनपद चित्रकूट एवं बांदा आते है, जो पर्यटन का क्षेत्र है, जहां श्रीराम 12 वर्षों तक वनवास व्यतीत किए है। यहाँ पर लाखो की संख्या में देश- विदेश से पर्यटक आते है, यहाँ की संस्कृति एवं देव स्थलों का अवलोकन करते है, जनपद चित्रकूट में भगवान कामतानाथ स्वामी का दिव्य मंदिर है, जहां पर्यटक पर्वत की परिक्रमा करते है, यहाँ प्राचीन सोमनाथ जी का मंदिर है, पर्वत श्रंखला में स्थित हनुमान धारा है, लक्षमन पहाड़ी है, गुप्त गोदावरी है, माड़फा का शिव मंदिर है, शबरी जल प्रपात, धारकुंडी आश्रम, गणेश बाग का किला, जनपद बांदा में दुर्ग कालिंजर है, गिरवा में विद्यवासिनी देवी जी का मंदिर है, पहाड़ीया दाई का मंदिर, बहुत सारे देव स्थान है, परंतु इस क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र मे नहीं रखा गया है, तथा सड़क, बिजली, पानी आदि मूलभूत आवश्कताओं से वंचित है, पूरा क्षेत्र उ०प्र० व म०प्र० की सीमाओं से लगा हुआ है। अतः सरकार से मांग करता हूँ, की उ०प्र० व म०प्र० के सीमा पर स्थित चित्रकूटधाम को पर्यटन की दृष्टि से देश के मानचित्र में शामिल कर विशेष पैकेज प्रदान करने का कष्ट करें।